JALAUN POLICE

दिनांक – 05.08.2025

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना कदौरा पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध गांजा की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तगणो को 56.268 किलोग्राम नाजायज गांजा (कीमत करीब 800,000/-रूपये) व एक अदद कार के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

दिनांक 05.08.2025 को थाना कदौरा पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी, नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कदौरा पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा कठपुरवा तिराह ग्राम बबीना के पास से अभियुक्तगण 1.दिव्यांशु पुत्र शंकरदास व्यास निवासी मोहल्ला तलापुरा कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन 2. शिवा तिवारी उर्फ पार्थ तिवारी पुत्र प्रदीप कुमार निवासी नर्सिंघ जी मन्दिर मियनपुरा कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन को 56 किलो 268 ग्राम नाजायज गांजा व एक अदद कार के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

जिसके संबंध में थाना कदौरा में अन्तर्गत मु0अ0सं0 127/2025 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट अभियोग पंजीकृत किया गया है।

**अभियुक्तगणों के आपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के जनपदों सीमावर्ती प्रान्तों से की जा रही है।**

## पूंछतांछ का विवरण-

पूंछतांछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि साहब मउरानीपुर जनपद झाँसी के पाण्डेय जी हैं उनके द्वारा हम लोगों को खजुराओ मउरानीपुर हाइवे पर कार व पेट्रोल के लिए 25000 रूपया तथा इस्तेमाल करने के लिए फोन दिया गया था तथा बरगढ उडीसा के लिए दिनांक 01.08.2025 को भेजा गया था। हम लोगों को एक खेप लाने के लिए 13000 रु देने को कहा था। हम लोग पूर्व में भी 02 बार माल की सप्लाई कर चुके है। आज हम लोग पकडे जाने के भय से जोल्हूपुर से राठ होते हुए मउरानीपुर जा रहे थे। तभी आप लोगो ने पकड़ लिया।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. दिव्यांशु व्यास पुत्र शंकरदास व्यास उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मोहल्ला तलापुरा कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन
2. शिवा तिवारी उर्फ पार्थ तिवारी पुत्र प्रदीप कुमार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी नर्सिंघ जी मन्दिर मियनपुरा कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन